पत्रांकः-भ0/स्था0-04-विविध-19/2026................/-

## बिहार सरकार

## भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

**अवधेश नंदन सिन्हा,**
सरकार के संयुक्त सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

**सभी अधीक्षण अभियंता (विद्युत सहित),**
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक-

**विषयः-** विभागाधीन लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों को ए0सी0पी0/एम0ए0सी0पी0 की स्वीकृति के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना सं0-5884(भ) दिनांक-24.06.2024 के आलोक में क्षेत्रीय लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों का संवर्ग नियंत्री प्राधिकार विभागीय सचिव अधिसूचित किए गए हैं। ऐसी स्थिति में क्षेत्रीय लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों को ए0सी0पी0/एम0ए0सी0पी0 की स्वीकृति भी विभागीय स्तर पर दी जानी है।

अतः वर्णित स्थिति में अनुरोध है कि अपने कार्यालय एवं अधीनस्थ प्रमंडलीय कार्यालयों में पदस्थापित लिपिक संवर्ग के कर्मियों को देय ए0सी0पी0/एम0ए0सी0पी0 की स्वीकृति के संबंध में विहित प्रपत्र में विवरणी/सूचना सभी आवश्यक अभिलेखों के साथ उचित माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाए।

विश्वासभाजन

ह0/-
**(अवधेश नन्दन सिन्हा)**
सरकार के संयुक्त सचिव।

**ज्ञापांकः-** **पटना, दिनांक-**

प्रतिलिपिः-संयुक्त सचिव (वरीय प्रभार)/सभी मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**ह0/-**
सरकार के संयुक्त सचिव।
कृ0पृ0उ0................

ज्ञापांकः– 6876 (भ)                                                    पटना, दिनांक– 23/7/26

प्रतिलिपिः–सभी कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह०/– 23.07.26

सरकार के संयुक्त सचिव।